स्कॉच गवर्नेंस गोल्ड अवॉर्ड

चर्चा में क्यों?

हाल ही में वर्चुअल रूप से आयोजित 75 वें स्कॉच (Skoch) सम्मेलन में बिहार को स्कॉच गवर्नेंच गोल्ड अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन चल रही मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना को स्कॉच संस्थान द्वारा रजत पुरस्कार प्रदान किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- बिहार को यह अवॉर्ड लोक सेवाओं की ऑनलाइन प्रदायगी और ई. गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिये प्रदान किया गया है।
- 'बिहार ई-लोक सेवा'के रूप में अपनाए गए नवाचार की अनूठी पहल का कार्यान्वयन के लिये बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन को यह अवॉर्ड दिया गया है।
- विदित हो कि बिहार सरकार द्वारा अपने नागरिकों को नियत समय में लोक सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 अगस्त, 2011 को बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम लागू किया था।
- स्कॉच अवॉर्ड डिजिटिल, वित्तीय और सामाजिक समावेशन के सर्वोत्तम प्रयासों के लिये 'स्कॉच ग्रुप'के द्वारा प्रदान किया जाता है।
- इसके तहत सर्वोत्तम शासन, समावेशी विकास, प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोगों में उत्कृष्टता, परिवर्तन प्रबंधन, कॉर्पोरेट नेतृत्व, कॉर्पोरेट प्रशासन, नागरिक सेवा वितरण, क्षमता निर्माण और सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को शामिल किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/skoch-governance-gold-award